## खबर संक्षेप

### शहर की दुर्दशा से प्रभारी मंत्री को कराया अवगत



**सतना।** नगर निगम के द्वारा शहर में चल रहे सीवर लाइन के करोड़ो के कार्य की वजह से पूरे शहर वासियों को धूल और गड्ढों से होने वाली समस्या पर भाजपा नेता अनिल अग्रहरी (शिवा) ने प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शहरवासी और यहां के व्यापारी सतना से पलायन के लिए मजबूर हैं। साथ ही निगम में हो रहे भ्रष्टाचार पर कार्यवाही की मांग की।

### अराजक यातायात दुकानों के सामने खड़े वाहन : भाटिया



**सतना।** मध्य भारत मोर्चा के जिला अध्यक्ष जसविंदर सिंह भाटिया बब्बल ने शहर की मौजूदा अरजक यातायात व्यवस्था पर चिंता जताई है। श्री भाटिया ने कहा शहर की यातायात व्यवस्था कितनी ज्यादा बिगड़ गई है कि आए दिन सड़क पर जाम लगना आम बात हो गई है लेकिन पुलिस प्रशासन केवल प्रयोग कर रही है। युवा नेता ने कहा नगर निगम की उदासीनता के कारण जो वाहन दुकानों में खड़े रहते हैं उन्हें बेसमेंट के अंदर होने चाहिए लेकिन व्यापारी इस बात को नजर अंदाज कर सारे वाहन दुकान के सामने खड़ा करवाते हैं जिसके कारण सड़क पर चलने वाले वाहन जाम में फंसकर ट्रैफिक व्यवस्था की धज्जियां उड़ाते नजर आते हैं श्री भाटिया ने कहा की नगर निगम और प्रशासन को इस मामले में सख्त कदम उठाना चाहिए।

### परिवार गहरी नींद में था, बदमाश नकदी-जेवर ले उड़े



**सतना।** कोटर थाना क्षेत्र में बुधवार रात नकाबपोश चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। अबेर बस स्टैंड के पास स्थित राम कलेश सिंह के घर में तीन चोर बाउंड्री वॉल कूदकर घर में घुसे। चोरों ने बहू के कमरे से 40 हजार रुपए नकद और पांच सोने की अंगूठियां चुरा लीं। टीआई दिलीप मिश्रा ने बताया कि घर में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।घटना उस समय की है जब घर के सभी सदस्य सो रहे थे। एसी खराब होने की वजह से परिवार के सभी सदस्य एक ही कमरे में सो रहे थे,सिर्फ बहू अपने कमरे में थी।चोरों ने बहू के कमरे से 40 हजार रुपए नकद और पांच सोने की अंगूठियां चुरा लीं।

**सीसीटीवी की जांच कर रही पुलिस-** गुरुवार सुबह चोरी का पता चलने पर कोटर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी दिलीप मिश्रा के मुताबिक,घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि चोरी के दौरान परिवार के किसी सदस्य को आहट क्यों नहीं हुई।

### नशीले कफ सीरप की तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** रामपुर बघेलान पुलिस ने बुधवार रात नशीले कफ सीरप की तस्करी करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एडिशनल एसपी विक्रम सिंह कुशवाह के अनुसार टीआई संदीप चतुर्वेदी को मुखबिर से सूचना मिली थी एक तस्कर होंडा सिटी कार से नशीली कफ सीरप लेकर रीवा की तरफ जा रहा था। तलाशी में 345 शीशी कोरेक्स बरामद सूचना के आधार पर बेला बायपास पर नाकेबंदी की गई। पुलिस ने वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान एक होंडा सिटी कार को रोका गया। कार की तलाशी में 345 शीशी कोरेक्स बरामद हुई। तस्करी में इस्तेमाल कार भी जब्त पुलिस ने कार चालक इस्लामुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया।आरोपी रीवा जिले के बिछिया का रहने वाला है। तस्करी में इस्तेमाल की गई कार को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# हवाई अड्डा का रनवे छोटा हो जाने के मामले में कुछ नहीं बोले प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय

### 1800 मीटर की जगह सिर्फ 1200 मीटर बना हुआ है रनवे

सतना।

सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गी गुरुवार को सतना पहुंचे। उन्होंने यहां पर पार्टी कार्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उसके बाद एक निजी होटल में जाकर बुद्धिजीवियों और उद्योगपतियों के साथ बैठकर शहर के विकास को लेकर चर्चा की। पश्चात कलेक्ट्रेट उन्होंने अधिकारियों की बैठक भी ली दौरान उन्होंने जिले की प्रगति की समीक्षा की। महत्वपूर्ण बात तो यह है कि जब लोगों से शहर के विकास को लेकर चर्चा की जा रही थी इस दौरान एक युवा नेता और पूर्व पार्षद ने जब यह कहा कि सतना का हवाई अड्डा 18 00 मी का रनवे का होना चाहिए लेकिन वह 1200 मी का बना हुआ है इस मुद्दे पर प्रभारी मंत्री ने कोई जवाब नहीं दिया। इस दौरान कलेक्टर ने बताया कि यहां पर 450 मकान बने हुए हैं और 1200 गोमतियां हैं। इनका कब्जा हवाई पट्टी की जमीन पर है।

### शहर की सड़क टूटी,गड्ढे ही गड्ढे

बैठक के दौरान बुद्धिजीवियों और उद्योगपतियों ने कहा कि पूरा शहर गड्ढे में तब्दील है। सड़के टूटी हैं। तभी प्रभारी मंत्री ने कमिश्नर से बात की और उन्होंने कहा कि बरसात के पहले सड़कें ठीक की जाएं और गड्ढे भरे जाएं। नगर निगम के कमिश्नर ने बताया कि एक ठेकेदार ने रेस्टोरेशन का काम घटिया किया है। तभी प्रभारी मंत्री ने कहा कि ऐसे लोगों को चिन्हित करके तत्काल ब्लैक लिस्ट किया जाए। उन्होंने राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह के साथ सरकारी अधिकारियों को बैठकर जिले की व्यवस्था को बेहतर करने की कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने वेंकटेश लोक के बारे में भी पूछा। तभी उन्हें जवाब मिला कि यहां पर अतिक्रमण हटाकर स्टैंड बना दिया गया है।




### आतंकी हमले को लेकर शोक संवेदना

इसके पहले प्रभारी मंत्री ने पार्टी कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं से चर्चा की और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर शोक संवेदना भी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार इस हमले पर कठोरतम कार्रवाई कर रही है और इसका खामियाजा पाकिस्तान को भुगतना पड़ेगा।

### हिंदुओं को शस्त्र रखने में कोई बुराई नहीं

कथा वाचक प्रदीप मिश्रा के उस बयान पर,जिसमें उन्होंने कहा था कि हिंदुओं को शास्त्र के साथ शस्त्र भी रखना चाहिए,विजयवर्गीय ने पूरी सहमति जताई। उन्होंने कहा कि शस्त्र रखने में कोई बुराई नहीं है,सरकार लाइसेंस इसलिए देती है। बशर्ते उसका दुरुपयोग न हो। संत समाज को दिशा देता है,उन्होंने जो कहा होगा,उचित ही कहा होगा।

### विधायक बोले-तालाब में मेंढक गलती से कूद जाए तो मर जाए

बैठक के दौरान चित्रकूट के विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार ने पानी की समस्या का जिक्र किया उन्होंने बताया कि यहां पर सरकारी जमीन पर भी वेयरहाउस बन गए हैं। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों से सवाल जवाब किया। विधायक ने अभी बताया कि यहां के तालाब सूखे हैं पानी नहीं है गलती से मेंढक कूद जाए तो मर जाए। प्रहरी मंत्री ने बैठक में मौजूद अधिकारियों से इस मामले में गंभीरता से काम करने के लिए कहा। विधायक ने यह भी शिकायत की कि यहां पर अधिकारी तालाब के अंदर तालाब बना देते हैं। कुल मिलाकर उन्होंने यहां पर मनमानी और लापरवाही को लेकर अधिकारियों की प्रभारी मंत्री से शिकायत की।

मैहर नगर की जनता की जान का संकट बन गया सीवर लाइन प्रोजेक्ट

## नगर पालिका सभापति ने मंत्री विजयवर्गीय को सौंपा ज्ञापन



मैहर।

माता शारदा की नगरी मैहर में इन दिनों विकास की आड़ में विनाश की ओर अग्रसर होती प्रतीत हो रही है। नगर की गलियों में धूल के गुब्बार,टूटे फुटपाथ,उखड़ी सड़कें और गड्ढों में समाते लोग ये दृश्य अब आम हो गए हैं। कारण है कि मैहर में चल रहा बहुप्रतीक्षित सीवर लाइन प्रोजेक्ट जो अब जन जीवन के लिए अभिशाप बनता जा रहा है।जब नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय मैहर पहुंचे तब नगर पालिका की पेयजल एवं सिवेज की सभापति श्रीमती रामलली दुबे के निर्देश पर पवन दुबे एंव साथियों के द्वारा उनका स्वागत करते हुए एक करुणापूर्ण याचना कर समस्याओं को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में सबसे बड़ी याचना थी कि मैहर के नागरिकों की जान की सुरक्षा की जाएं। सभापति द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि गुजरात की एलसी इंफ्रा कंपनी द्वारा चलाए जा रहे सीवर प्रोजेक्ट में सुरक्षा मानकों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। अब तक इस प्रोजेक्ट के चलते तीन मासूम नागरिकों की मौत हो चुकी है जिनमें एक 8 वर्षीय बालक,एक 36 वर्षीय युवक और एक 55 वर्षीय अधेड़ शामिल हैं। इसके अलावा सैकड़ों लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं और दर्जनों गोवंश अकाल मृत्यु को प्राप्त हुए हैं। सभापति दुबे ने इस बात पर भी चिंता जताई कि इस प्रोजेक्ट के कारण पूरे नगर में धूल का वातावरण फैला हुआ है जिससे श्वास नली के संक्रमण और अन्य बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। उन्होंने इसे 'मीठा ज़हर' बताते हुए नागरिकों के स्वास्थ्य पर एक अदृश्य हमला करार दिया। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि प्रोजेक्ट में इस्तेमाल की जा रही सामग्री भी बेहद घटिया है।

## प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड सतना को राज्यपाल ने किया सम्मानित

सतना।

प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड को कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर भारतीय सशस्त्र बलों के कर्मियों के निस्वार्थ बलिदान और अटूट समर्पण का सम्मान करने एवं शहीदों, पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों और विकलांग सैनिकों के परिवारों के कल्याण हेतु सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि 2023-24 में किए गये सराहनीय योगदान के लिए मध्यप्रदेश के राज्यपाल महामहिम मंगूभाई पटेल द्वारा राजभवन में आयोजित एएसएफ की 24 वीं बैठक के भव्य समारोह में स्मृतिचिन्ह एवं प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड की ओर से मनीष कुमार सिन्हा, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट, एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स ने स्मृतिचिन्ह एवं प्रशस्तिपत्र ग्रहण किया। इस भव्य सम्मान समारोह का आयोजन संचालनालय,सैनिक कल्याण मध्य प्रदेश, भोपाल द्वारा किया गया था। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए इस सम्मान को प्राप्त करने पर कंपनी के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ राकेश जैन ने हर्ष व्यक्त करते हुये कहा कि प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड लंबे समय से समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। जिनमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ नागरिकों, वृद्धाश्रम, महिलाओं को सशक्त बनाना, आपदा प्रबंधन, सशस्त्र बल कर्मियों, युद्ध विधवाओं और उनके आश्रितों के कल्याण के लिये कार्य शामिल हैं। उन्होने आगे कहा कि कंपनी भविष्य में भी ऐसे समाजोन्मुखी कार्यों की श्रंखला को जारी रखेगी।



## आधार कार्ड बनवाने लोगों को छूट रहा है पसीना

### व्यवस्था से दूरदराज से आए ग्रामीणों को हो रही परेशानी, टोकन देने में मनमानी



मैहर।

जब से लोगों ने सुना है कि आधार अपडेट नहीं होगा तो राशन सहित सभी सरकारी योजनाओं का लाभ नही मिलेगा। इस आदेश के चलते मैहर में आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए पोस्ट आफिस के बाहर रात से ही लोग आकर लाइन लगा रहे हैं जिससे उनका कार्ड अपडेट हो जाए मगर पोस्ट आफिस की व्यवस्था के चलते आने वाले ग्रामीणों को भूखे प्यासे बच्चों को लेकर डेरा डाले हुए है मगर कोई सुनने वाला नहीं है। जब कि आज 24 तारीख और 6 दिन बचे हैं इस तरह की अव्यवस्था कैसे हो पाएंगे लोगों के आधार कार्ड अपडेट।

### नहीं दिया जा रहा है टोकन

देखा जा रहा है कि स्थानीय कोतवाली के बगल में स्थित पोस्ट ऑफिस के बाहर आधार अपडेट कराने के लिए लंबी लाइन लग गई है। बताया जा रहा है कि लोग 50 किलोमीटर से दूर से आए लोग तपती धूप में आधार अपडेट के लिए चक्कर काट रहे है। लोगों का आरोप है कि उन्हें टोकन नहीं दिया गया है जिस वजह से उनका आधार अपडेट नहीं हो पाया। यहां पर कई ग्रामीणों का आरोप हे कि हम लोग रात से यहां पर बैठे तो हम लोगों का टोकन नहीं मिला और जो लोग सुबह आएं है उनकों टोकन मिल गया है यह कैसी अंधेरगर्दी चल रही कोई व्यवस्था करने वाला नहीं है।

### पोस्ट ऑफिस के बाहर लगी भारी भीड़

पोस्ट ऑफिस के बाहर लाइन लगाकर खड़े लोगों ने बताया कि हम लोग 30 से 40 किलोमीटर दूर से बच्चों और खाना पानी लेकर बुधवार शाम से यहं बैठे हैं। मैहर में यही एक आधार सेंटर है जहां पर आधार कार्ड अपडेट होता है। हम लोग कई दिनों से आधार सेंटर के चक्कर लगा रहे हैं। ऑपरेटर हम लोगों को अन्दर नहीं आने देता। सिर्फ यहां रसूखदारों का काम होता है। सब से बड़ी चिंता है कि अगर आधार कार्ड अपडेट नहीं हुआ तो राशन नहीं मिलेगा,राशन नहीं मिलने से जीवन संभव नहीं है। लोगों के द्वारा यह भी बताया गया है कि कोई ग्रामीण कुछ बोलता है तो अंदर ऑफिस में बैठे अधिकारी जेल भेजने तक की धमकी देते हैं।

### लोगों के रुकने की व्यवस्था रैन बसेरा में की गई

मैहर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह के द्वारा बताया जा रहा है कि उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी जानकारी लगी,जिसके बाद तहसीलदार और थाना प्रभारी की मदद से पोस्ट ऑफिस के बाहर रात में बैठे लोगों को रैन बसेरे में रुकने की व्यवस्था करवा दी है साथ ही पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दरअसल सरकार ने राशन कार्ड धारकों को अपने राशन कार्ड को आधार कार्ड से जोड़ने का निर्देश दिया है ऐसा न करने वालों का राशन रोक दिया जाएगा।

### 30 अप्रैल से बंद होगा राशन कार्ड

अगर राशन कार्ड के फायदे चाहिए तो फौरन अपनी नई आईडी केवाईसी में जोड़ें। बताया जा रहा है कि केंद्र सरकार ने सभी राशनकार्ड धारी को 30 अप्रैल तक ई केवाईसी अनिवार्य कर दिया है,इसके तहत राशनकार्ड धारक हर आदमी को अपना ई केवाईसी करवाना है. इसमें राशनकार्ड में परिवार के जितने भी सदस्य शामिल हैं,उन सभी को अपना ई केवाईसी करना होगा। इस वजह से लोग अपना आधार कार्ड अपडेट करवा रहे हैं।

## मां शारदा समिति के अधिकारियों की निष्क्रियता से दर्शनार्थी हो रहे परेशान

### मंदिर की सीढ़ियों में फुटपाथी दुकानदारों पर क्यों नहीं होती कार्रवाई



**मैहर।** मैहर की मां शारदा समिति के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिलीभगत से मंदिर प्रांगण अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है। यहां पर प्रतिबंधित क्षेत्र में समिति के जवाबदार लोगों को मुंह मांगा रुपया देकर व्यापार किया जा रहा है जिससे दर्शनार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लेकिन इस संबधं उच्च स्तर के अधिकारी भी मौन साधे रहते हैं। मैहर के शारदा माता की मंदिर परिसर में नीचे की सीढ़ी से लेकर ऊपर मंदिर तक सीढ़ियों में फुटपाथी दुकान लगाए हुए यह किसके आदेश से हो रहा है यह सभी जानते है मगर हिस्सेदारी को लेकर कोई कार्रवाई नहीं करना चाहता है। मां शारदा के मंदिर से नीचे उतरने वाले मुख्य द्वार पर सिंदूर व फोटो लिए खड़े युवक दर्शनार्थियों को रास्ता रोककर जबरदस्ती करते है। इस 10 फिट की रास्ता में आधे से ज्यादा रास्ते में यह चना,सिंदूर,फोटो बेचने वाले दुकानदारों की भरमार रहती है। इन दुकानदारों के द्वारा के सामने खड़ें हो कर सामग्री लेने को बाध्य करते है जिससे दर्शनार्थी असहज हो जाता है। कई दर्शनार्थियों ने बताया है कि यात्रियों को आने जाने में परेशानी होती क्या यहां पर कोई व्यवस्था करने वाले नहीं है पर उन्हें कोई क्या समझाए कि मंदिर में हर क्षेत्र में लूट का बोल बाला है। मंदिर प्रांगण में यात्री निवास,मुंडन,कथा आदि स्थानों में बड़ें पैमाने पर हेर फेर होता है लेकिन कोई जांच नहीं होती है। यहां पर तो पैसा दो और मनमानी अवैध कमाई वाले स्थानों में अपनी डियूटी लगवाकर खाओ और खवाओं का धंधा सिर चढ़कर बोल रहा है।

## मानव एकता दिवस-निष्काम सेवा का अनुपम संकल्प

**सतना।** संत निरंकारी सत्संग भवन कृष्ण नगर ,सतना में एक विशाल रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सतना जिला मजिस्ट्रेट सतीश कुमार एस कलेक्टर महोदय उपस्थित हुए जहां आप जी ने कार्यकर्म का शुभारंभ स्वयं रक्तदान देकर किया। और मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए हर इंसान को आगे आकर ऐसे पुनीत कार्यों में हिस्सा लेना चाहिए ऐसा संदेश भी दिया। साथ ही साथ इस कार्यक्रम में सतना शहर के अन्य कई सम्माननीय समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। प्रेम और भाईचारे की भावना को उजागर करता मानव एकता दिवस,निरंकारी मिशन द्वारा प्रति वर्ष 24 अप्रैल को बाबा गुरबचन सिंह की पावन स्मृति में श्रद्धा और आध्यात्मिक भावनाओं से परिपूर्ण वातावरण में आयोजित किया जाता है। यह दिन केवल पुण्य स्मरण का अवसर नहीं,अपितु मानवता,सौहार्द और एकत्व की भावनाओं का एक आत्मिक संगम है। मानव एकतादिवस के अवसर पर मिशन द्वारा देशभर में रक्तदान की प्रेरक श्रृंखला आरंभ होती है,जो निःस्वार्थ सेवा भावना की सामूहिक जागृति का स्वरूप बनकर पूरे वर्ष समाज में प्रवाहित होती रहती है। इसके साथ ही सत्संग कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेम,शांति और समरसता का प्रकाश भी जन-जन तक पहुँचाया जाता है। यह दिन इस बात का परिचायक है कि सेवा केवल एक कार्य नहीं,अपितु निष्काम समर्पण का आत्मिक भाव है। इस वर्ष भी,संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन ने पूरे भारतवर्ष की लगभग 500 से अधिक ब्रांचों पर रक्तदान शिविरों की अविरल शृंखला आयोजित की। जहाँ श्रद्धालु अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित हुए। सभी ने पूर्ण उत्साह और समर्पण के साथ स्वेच्छा भाव से रक्तदान कर मानव कल्याण में अपना सहयोग दिया। सरदार वल्लभ भाई पटेल जिला चिकित्सालय सतना से विशेषज्ञों की टीम ने भाग लिया।पूर्ण स्वास्थ्य जांच,स्वच्छता का विशेष ध्यान और रक्तदाताओं के लिए उत्तम जल पान व्यवस्था ने इस सेवा को और भी व्यवस्थित एवं सम्मानजनक बनाया। यह जानकारी सतना ब्रांच संयोजक डॉ.जे.पी.सेवानी ने दी कि यह महाअभियान केवल रक्तदान नहीं,बल्कि सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की करुणा,सेवा और एकत्व के संदेश को जीवन में उतारने का सजीव माध्यम है जो हमें सिखाता है कि मानवता ही सर्वोच्च धर्म है। इसी प्रेरणा से प्रेरित संत निरंकारी मिशन,सेवा और समर्पण के पथ पर निरंतर मानवता का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

खबर संक्षेप

## भाजपा ने बाबा साहब अम्बेडकर का हमेशा सम्मान किया- विधायक गुनौर



**देवेन्द्रनगर।** गुनौर विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी मंडल देवेन्द्रनगर आज बाबा साहब अम्बेडकर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें में कार्यक्रम की शुरुवाात पंडित दीनदयाल जी एवं श्यामा प्रसाद मुर्खजी एवं बाबा साहब अम्बेडकर के छायाचित्र में माल्यार्पण कर कार्यक्रम आंरभ किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में छतरपुर विधानसभा की विधायक माननीया श्रीमती ललिता यादव एवं नरियावली विधानसभा के विधायक प्रदीप लरिया एवं गुनौर के विधायक राजेश वर्मा सहित भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा एवं पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष रविराज सिंह यादव रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पहलग्राम में जो आतंकी घटना से पर्यटको की मृत्यु हुई उनके लिये दो मिनट का मौन रखकर श्रद्वांजली दी गई कि ततपश्चात कार्यक्रम में संचालन कर रहे भारतीय जनता पार्टी के जिलाउपाध्यक्ष सुषील त्रिपाठी द्वारा कार्यक्रम को आगे बढाते हुये कार्यक्रम का सफल सचांलन किया। ततपष्चात भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा जी द्वारा पार्टी द्वारा चलाये जा रहे बाबा साहब अम्बेडकर के कार्यक्रमो का विस्तार से वर्णन किया वही गुनौर विधायक माननीय राजेश वर्मा जी द्वारा बताया गया की कांग्रेस ने 70 साल तक बाबा साहब का अपमान किया बाबा साहब को यदि सम्मान दिया तो वह भारतीय जनता पार्टी है जिसने बाबा साहब की सकारात्कमक सोच पर कार्य किया वही संगोष्ठी में नरियावली विधायक प्रदीप लरिया द्वारा संबोधित करते हुये उन्होने कांग्रेस द्वारा की गई बाबा साहब की उपेक्षा एवं भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिये गये बाबा साहब के सम्मान को विस्तार से बताया वही छतरपुर विधायक माननीय ललिता यादव जी ने बताया की काग्रेस द्वारा किस प्रकार 75 बार संविधान में संषोधन कर अपने नेताओ और अपने आप के लिये काननू बनाया वही भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा जनता के हित में मात्र 25 बार संविधान में संषोधन कर जनता के हित के लिये कानून बनाया जिसको विस्तार से बताया कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष पदाधिकारीगण एवं अनुसूचित जाति के भाई बंधु सहित महिलाये सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विभागीय जांच पोर्टल के संबंध में हुआ अधिकारियों का प्रशिक्षण



**पन्ना।** म.प्र. राज्य इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम द्वारा विकसित पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विभागों में विभागीय जांच की प्रक्रिया निष्पादित करने के उद्देश्य से जिले के समस्त विभागों के जिलाधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टेट स्थित ई-दक्ष केन्द्र में आगामी 5 मई तक विभागवार प्रशिक्षण निर्धारित दिवसों में सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। आज प्रथम दिवस सम्पन्न हुए प्रशिक्षण में उपस्थित संबंधित विभाग प्रमुखों को पोर्टल संचालन एवं विभिन्न प्रक्रियाओं की विधिवत जानकारी प्रदान की गई। इसके अलावा प्रश्नों व शंकाओं का समाधान भी किया गया। प्रशिक्षक वैभव सोनी द्वारा प्रशिक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों को विभाग के डैशबोर्ड, कार्यालय व उपयोगकर्ता प्रबंधन, चरणवार प्रक्रिया संपादन, केस लिस्टिंग, अपडेशन व रिपोर्ट के अवलोकन इत्यादि की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। शुक्रवार को सहायक आयुक्त सहकारिता, वनमंडलाधिकारी दक्षिण पन्ना, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम, उप संचालक कृषि, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पन्ना एवं गुनौर, जिला श्रम पदाधिकारी, विपणन अधिकारी, शासकीय छत्रसाल स्नात्कोत्तर एवं कन्या महाविद्यालय पन्ना, परियोजना संचालक आत्मा और पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारियों का प्रशिक्षण होगा।

## जिला स्तरीय कार्यक्रम में बेहतर कार्य वाली ग्राम पंचायतों को किया पुरस्कृत

# उत्कृष्ट कार्य पर लोक सेवक भी हुए सम्मानित







**पन्ना।**

राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर गुरूवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस गरिमामय जिला स्तरीय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में बिहार के मधुबनी में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। इसके अलावा पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रह्लाद पटेल के पंचायत दिवस संदेश के संबोधन को भी उपस्थितजनों द्वारा सुना गया। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों को सम्मानित किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए पंचायतों का सशक्त होना जरूरी है। जिपं अध्यक्ष ने जिले के समस्त पंचायत प्रतिनिधियों से बेहतर कार्य के माध्यम से देश और प्रदेश में अव्वल आने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि ग्रामसभा के सशक्त होने से लोकतंत्र भी मजबूत होगा। पंचायतों में महिलाओं की भूमिका और महिला सशक्तिकरण के प्रयासों व उपायों की जानकारी भी दी। उन्होंने सरकारी योजनाओं व विभिन्न गतिविधियों के क्रियान्वयन में जिले में प्रथम तथा प्रदेश में द्वितीय स्थान पर चयनित पन्ना विकासखण्ड की रक्सेहा ग्राम पंचायत की सराहना की। इसी तरह पन्ना ब्लॉक की लक्ष्मीपुर एवं गुनौर ब्लॉक की सलेहा ग्राम पंचायत के कार्यों की सरहना करते हुए अन्य ग्राम पंचायतों में भी निरंतर इस तरह के सार्थक प्रयास की अपेक्षा की।

इसके पहले अतिथियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अशोक चतुर्वेदी ने कार्यक्रम के बारे में संक्षिप्त परिचय देते हुए बताया कि 24 अप्रैल 1995 को पंचायत राज अधिनियम लागू होने के फलस्वरूप इस दिन प्रतिवर्ष राष्ट्रीय पंचायत दिवस का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में कलेक्टर सुरेश कुमार, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, सहायक संचालक वित्त रामप्रताप प्रजापति, परियोजना अधिकारी पियूष मिश्रा, जनपद पंचायत सीईओ आनंद शुक्ला, पुष्पराज सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी तथा सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार द्वारा किया गया।

### उत्कृष्टता पुरस्कारों का वितरण-

जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रत्येक विकासखण्ड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक सहित अन्य कर्मचारियों को उत्कृष्टता पुरूस्कारों का वितरण किया गया। इनमें जनपद पंचायत अजयगढ़ की ग्राम पंचायत बाराकगरेका के सरपंच ठाकुरदीन अहिरवार, भैरहा की अरूण सिंह, तरौनी के सचिव श्याम बिहारी कुशवाहा एवं रोजगार सहायक रावेन्द्र कुमार तिवारी, जैतुपुर के सचिव श्यामाचरण यादव एवं रोजगार सहायक राजेन्द्र कुमार पटेल शामिल हैं।

इसी तरह गुनौर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत हिनौती अमानगंज की सरपंच ममता चौधरी, सलेहा की सरपंच रेखा आदिवासी, सहायक विकास विस्तार अधिकारी रेखा पटेल, उपयंत्री राजनारायण मिश्रा, ग्राम पंचायत जैतूपुरा के सचिव रामनिवास मिश्रा, सरहंजा के सचिव नारायण शुक्ला, कोट के रोजगार सहायक वंशराज राजपूत एवं भटिया के रोजगार सहायक शकील अहमद, जनपद पंचायत पन्ना की ग्राम पंचायत रक्सेहा की सरपंच सैफाली दास, बांधीकला के विक्रम सिंह, दिया के सरपंच रामशिरोमणि सिंगरौल एवं लक्ष्मीपुर की सरपंच नीलम, रक्सेहा के सचिव रामलगन सेन एवं इटवाखास के नरेन्द्र खरे, कृष्णा कल्याणपुर के रोजगार सहायक कमलेश पाठक एवं रक्सेहा के नारायण चन्द्र सहित रक्सेहा एवं बड़वारा के पंचायत समन्वय अधिकारी क्रमशः हरेश पाठक एवं नीरज श्रीवास्तव, जनपद पंचायत पवई की ग्राम पंचायत पड़वार के सरपंच प्रभुनाथ लोधी एवं सचिव प्रीतम सिंह राजपूत, झांझर की सरपंच निन्नी बाई, ढेसाई के सचिव राजपाल सिंह बुन्देला तथा राजपुर के रोजगार सहायक नरेन्द्र सिंह एवं कुपना के आशीष चौबे तथा जनपद पंचायत शाहनगर की ग्राम पंचायत शाहनगर के सरपंच मनोज कुमार जैन, बोरी के सरपंच मनीष कुमार खरे, तिदुनी के सचिव अजय कुमार त्रिसौलिया, रैपुरा के सचिव मुन्ना राजा बुन्देला, चन्द्रावल के रोजगार सहायक अजय कुमार एवं देवरी की रोजगार सहायक वर्षा शुक्ला को सम्मानित किया गया।


## श्रीमती मीना राजे परमार अध्यक्ष जिला पंचायत के मुख्य आतिथ्य में स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय पन्ना में सतत पुनर्वास शिक्षा की राष्ट्रीय कार्यशाला का हुआ भव्य समापन




**पन्ना।**

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे परमार ने विभिन्न प्रदेशों और मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों को पुनर्वास के लिए किए जाने वाले प्रयासों पर होने वाले कार्यों पर दी गई जानकारी के लिए प्रशिक्षकों और प्रतिभागियों को दी बधाई। राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला आयोजन के लिए स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय संस्थान को भी बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी और आशा की कि भविष्य में भी इस तरह के नित नए कार्यक्रम जिले में आयोजित करते रहेंगे। श्री राम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाज उत्थान समिति पन्ना द्वारा संचालित जिले के सर्वोच्कृष्ट संस्थान स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय पन्ना में चल रहे दिनांक 22 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025 तक राष्ट्रीय स्तर त्रिदिवसीय कार्यशाला का समापन किया गया। इस तीन दिवसीय कार्यशाला में तृतीय दिवस मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमति मीना राजे परमार अध्यक्ष जिला पंचायत पन्ना एवं विशिष्ट अतिथि पुष्पराज सिंह परमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं सरस्वती पूजन के साथ सुभारंभ किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा अपने संबोधन मे भिन्न भिन्न राज्यों से आए हुए सहभगी गणों का पन्ना नगर की ओर से स्वागत किया गया तत्पश्चात दिव्यांगो को शासन की ओर से मिलने वाली सुविधाओं से सम्बन्धित जानकारी को बताया गया एवं अंतिम दिवस के प्रथम रिसोर्स पर्सन सुनील सिंह तोमर वर्मा मेम, श्री तोमर मेम, नीलेश सर सुश्री प्रतिभा वर्मा ने अपने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए लंच ब्रेक के बाद रिसोर्स पर्सन श्री नीलेश जी , श्रीमती आरती सिंह तोमर श्री रूपेन्द्र कुमार पटेल ने विस्तार से अपना व्याख्यान प्रस्तुत एवं प्रायोगिक कार्य कराया गया। तत्वपश्चत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि जी द्वारा सभी सहभागी गणों को सीआरई प्रमाण पत्र दिए गए संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन कु पलक मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में पाठ्यक्रम समन्वयक सुश्री प्रतिभा वर्मा जी द्वारा कार्याक्रम में उपस्थिति मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अतिथि, एवं अलग अलग राज्यों से आए हुए बतम सहभगीगणों व महाविद्याल स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने किया औचक निरीक्षण





### साफ-सफाई और व्यवस्थाओं को लेकर लगाई फटकार

**गुनौर।**

भीषण गर्मी का मौसम चल रहा है और ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में सर्दी जुकाम बुखार की मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और मरीज दिखाने के लिए सरकारी अस्पताल जा रहे हैं अस्पताल में बाजार जैसा माहौल देखने को मिल रहा है चारों तरफ मरीज ही मरीज दिख रहे हैं ऐसी भीषण गर्मी के मौसम में आज अचानक विधायक डॉ राजेश वर्मा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुनौर पहुंचे और सबसे पहले डॉक्टर कक्षा में पहुंचकर मरीज से बातचीत की और उन्हें सलाह दी कि आप लोग ज्यादा पानी पिए गर्मी का मौसम है शरीर में अगर पानी की कमी नहीं होनी चाहिए साफ और शुद्ध जल पिए साथ ही मरीज से बात करते हुए उनसे पूछा कि अस्पताल की दवा में आप लोगों को आराम मिलता है या नहीं तो मरीज ने जवाब दिया कि हां अस्पताल की दवा में हम लोगों को आराम मिलता है विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा ने कहा कि सही समय पर आपको दबा लें डॉक्टर सेबी कहा कि मरीजों को अच्छी तरह से चेक करें और उनकी जांच करवा कर उनका अच्छे से इलाज करें तत्पश्चात डॉक्टर गुनौर विधायक ने अस्पताल में सभी बातों का निरीक्षण किया और लास्ट में प्रसव पक्ष में जाकर मरीज से बात की तो मरीज ने बताया कि यहां पर सफाई नहीं है इसको लेकर उन्होंने फोन लगाकर टकर लगे और डॉक्टर को सख्त हिदायत दी की भीषण गर्मी और संक्रमण का दौर चल रहा है ऐसे में अगर गंदगी रहेगी तो मरीज ठीक होने की वजह बीमा र होंगे इसलिए आप तुरंत अभी लेटर तैयार करें और जो भी काम में लापरवाही करेगा उसे तुरंत नोटिस देखकर उसका जवाब लीजिए और सिस्टर को भी सत्य हृदय की आप यहां पर वार्ड के अंदर साफ सफाई का ध्यान रखें और जो बाथरूम के अंदर गंदगी बदबू आ रही है उसको अभी तुरंत साफ करवाइए गुरु विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा इस समय अपनी विधानसभा क्षेत्र में जाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं जो चलाई जा रही है उनके बारे में लोगों को बता रहे हैं और उनका लाभ दिलवा रहे हैं साथ ही लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण कर रहे हैं

## आतंकी हमले में जान गवाने वालों को श्रद्धांजलि देकर सौंपा ज्ञापन

### पर्यटकों पर हमला विदेशी ताकतों की सोची समझी साजिश होने की जताई आशंका

**पन्ना।**



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को बेकसूर व निहत्थे पर्यटकों पर कायराना आतंकी हमले से पूरा देश स्तब्ध है। लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। 24 अप्रैल 2025 को पन्ना नगर के पत्रकार जनों व समाजसेवी गणों ने संयुक्त रुप से सर्किट हाउस में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया, जहां आतंकवादियों की कार्यराना हरकत की कड़ी निंदा की गई। दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु पुष्प अर्पित कर व मौन धारण कर श्रद्धांजलि देते हुए शोक संतप्त परिवारजनों को दुख की इस घड़ी में शक्ति प्रदान करने की इश्वर से कामना की गई। इसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि यह हमला केवल 27 नागरिकों पर नहीं बल्कि पूरे देश के अमन-चौन सहित पर्यटन, व्यापार एवं अर्थव्यवस्था पर विदेशी ताकतों की सोची समझी साजिश हो सकती है। इस मामले की सक्षम ऐजेंसी से जांच करवा कर साजिश कर्ताओं, आतंकियों व उन्हे पनाह देने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग गई है, ताकि दोबारा कोई आतंकी ऐसा कृत्य करने की हिम्मत न जुटा पाए। इसके अलावा पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थानों, रेलवे स्टेशनों व एयरपोर्टों पर सुरक्षा बढ़ाने, आतंकी हमले में जान गंवाने वाले पर्यटकों एवं स्थानीय नागरिकों के परिवारों को आर्थिक क्षतिपूर्ति एवं घायलों को उचित इलाज प्रदान करने देश के अंदर नफरत फैलाने का प्रयास करने वालों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई है।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं ज्ञापन के दौरान वरिष्ठ पत्रकार अरुण सिंह, लक्ष्मीनारायण चिरोल्या, मनीष मिश्रा, संजय सिंह राजपूत, राकेश शर्मा, पियूष शुक्ला, नईम खान, मुकेश विश्वकर्मा, सुरेश सौरभ, नदीम उल्ला खान, अनिल तिवारी, अमित खरे, शिव किशोर पाण्डेय, रमाशंकर द्विवेदी, संदीप पाण्डेय, राजेश रावत, सौरभ साहू, हीरालाल विश्वकर्मा, भानु गुप्ता, टाइगर खान, सीमांत खरे, अरविंद यादव, संजीव सरास्वत, डीके साहू, शुभम रिछारिया, संजय रैकवार, मदन मोहन शर्मा, हिम्मत खान, समाजसेवी जनों में योगेंद्र भदौरिया, पीसी यादव, योगेन्द्र सिंह परमार, डॉ अमित सिंघाई, एडवोकेट राजेश दीक्षित, जयराम यादव, राम बिहारी गोस्वामी, अजय कोंदर सहित काफी संख्या में पत्रकारगण एवं समाजसेवी जन सामिल रहे।

## अमानगंज पुलिस ने 24 घंटे के भीतर 3 गुमशुदा व्यक्तियों को किया दस्तयाब

**अमानगंज**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय पन्ना श्री साई कृष्णा थोटा के आदेशानुसार में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन मे श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय के निर्देशन में गुमशुदा को दस्तयाब करने हेतु अभियान चला गया जिसके परिपेक्ष्य मे थाना अमानगंज के गुमइंसान 34/25 में गुमसुदा श्रीमति मिथलेश रजक पिता सुजान रजक उम्र 35 साल निवासी सिंघौरा थाना अमानगजं जिला पन्ना, गुमइंसान 33/25 में गुमसुदा राकेश रजक पिता भल्लू रजक उम्र 31 साल निवासी कमताना थाना अमानगंज एवं गुमइंसान 69/23 में गुमशुदा सोमवती अहिरवार पिता रामबहोरी अहिरवार उम्र 22 साल निवासी मकरदगंज सिमरिया को दिनांक 22.04.2025 को दस्तयाब किया जाकर परिजनो को सुपुर्द किया गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री सउनि शिवराम नायक प्रआर शिवम शर्मा राजीव मिश्रा मुकेश शर्मा आरक्षक विश्वास शुक्ला द्वारका प्रसाद ,तुलसीदास, सलीम , सतीस , अरिवन्द , मेहरबान, मुन्नेद्र महिला आरक्षक रागीनी , हेमा एवं अन्य थाना बल की सराहनीय भूमिका रही ।

## वनमण्डल स्तरीय कर्मचारी कल्याण शिविर का आयोजन



**पन्ना।** दक्षिण वनमण्डल पन्ना में सांय 03 बजे श्री अनुपम शर्मा (भा.व.से.) व.मं.अ. दक्षिण वनमण्डल पन्ना की उपस्थिति में अरण्य भवन पवई में वनमण्डल स्तरीय कर्मचारी समस्या निवारण का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में श्री नितेश पटेल व.प.अ. पवई एवं श्री अभय दुबे व.प.अ. मोहन्द्रा उपस्थित रहे। कर्मचारी समस्या निवारण शिविर में दक्षिण वनमण्डल पन्ना के किसी भी कर्मचारी कीकोई समस्या का आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। उल्लेखनीय है कि वनमण्डलाधिकारी दक्षिण वनमण्डल पन्ना के निर्देशन में कार्यालय के मुख्य लिपिक बी.पी. परौहा एवं स्थापना शाखा, व्यय शाखा द्वारा समय-समय पर वनमण्डल के समस्त कर्मचारियों/अधिकारियों के स्वत्वों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है परिणाम स्वरूप कर्मचारी कल्याण शिविर में किसी भी कर्मचारी/अधिकारी द्वारा स्वत्वों के निराकरण का आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया, जो वनमण्डल के लिये एक उपलब्धि है।

## तेज रफ्तार मोटर बाइक अज्ञात बड़े वाहन से टकराई: बाइक चालक की मौके पर मौत, एक साथी घायल

### एक टांग शरीर से अलग कटकर दूर जा गिरी कटकहां भेड हिनौता के बीच घटी घटना

**अमानगंज**



तेज रफ्तार वाहन जीवन की रफ्तार को कब खत्म कर दे इस विषय में कुछ भी कह पाना संभव नहीं है पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम कटकहा भेड़ हिनौता के बीच एक तेज रफ्तार मोटर बाइक और अज्ञात बड़े वाहन के बीच हुई भयंकर टक्कर में बाइक चालक को घटना स्थल पर ही मौत की नीद सुला दिया और बाइक चालक का सहयोगी इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों और परिजनों के सहयोग से दोनों को अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज हेतु लाया गया जहां एक को देखते ही चिकित्सक ने मृत घोषित किया जबकि दूसरे की हालत अत्यंत गंभीर बताई प्राथमिक उपचार के साथ उसे तत्काल ही जबलपुर के लिए रवाना किया घटना के विषय में ज्ञात हुआ है कि बाइक चालक प्रदीप पटेल पिता राम गणेश पटेल उम्र 27 वर्ष निवासी हिनौता भेड़ अपने चाचा के लड़के अपने भाई शैलेंद्र पटेल पिता इंद्रवान पटेल उम्र 13 वर्ष निवासी हिनौता भेड़ के साथ कटकहां से अपने घर गांव की ओर अपनी बाइक से आ रहा था और गांव के थोड़ा सा पहले ही टर्निंग मोड परकिसी अज्ञात बड़े वाहन से टकरा गया जिससे बाइक चालक प्रदीप की मौके पर मौत हो गई उसे सिर में पीछे की ओर से बड़ी गंभीर चोट लगी और एक दाहिना पैर कट के दूर जा गिरा और साथ ही शैलेंद्र पटेल के सीने चेहरे और सर पर गंभीर चोटे आई जिसकी हालत नाजुक होने पर उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज सीधा रेफर किया गया जिसकी हालत अत्यंत नाजुक बताई गई घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची मामले में पंचनामा कार्यवाही करने के साथ ही मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया गयाअब विवेचना के बाद ही तय होगा कि दुर्घटना घटित करने वाला वाहन कौन था और चालक कौन था जो घटना घटित करके मोके से भाग निकला हालांकि गांव में दुर्घटना को लेकर ट्रैक्टर की चर्चा तेज बताई जा रही है कि कुसिया लगा ट्रैक्टर दुर्घटना घटित करने वाला है जिसके कारण मृतक का पेड़ कटा है और गंभीर चोट की वजह से उसकी मौत हुई है घटनास्थल के आसपास मार्ग काफी छोटा और संकीर्ण बताया गया परंतु मार्ग तेज चलने की स्थिति में है उसे तरफ चारों ओर सड़क बन चुकी है जिससे आए दिन बाइक चालक यहां गिरते हैं क्योंकि उनकी रफ्तार तेज होती है जबकि संकीर्णता मार्ग में अधिक है जो घटना का कारण बन जाती है

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने बड़ामलहरा के चंद्रपुर में डब्ल्यूटीपी का निरीक्षण किया

**डब्ल्यूटीपी में लेबर की संख्या, सैंपलिंग बढ़ाने के निर्देश**

**टीम लीडर को कार्य में प्रगति लाने लगातार दौरे करने के निर्देश**

**छतरपुर।** बिजावर क्षेत्र के भ्रमण के पश्चात कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बड़ामलहरा क्षेत्र के चंद्रपुर में डब्ल्यूटीपी का निरीक्षण किया। जिसमें सिविल वर्क, मशीनरी, सैंपलिंग एवं लेबर की जानकारी लेते हुए सैंपलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही टीम लीडर को पाइप लाइन की गहराई आदि की दिक्कतें न हो और कार्य में प्रगति बढ़ाने के लिए निरंतर क्षेत्रों में दौरे बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही लेबर की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर ने डब्ल्यूटीपी की लैब का निरीक्षण किया। जिसमें कॉम्प्रेसिव स्ट्रैंथ मशीन से स्टोन क्यूब्स की समक्ष में टेस्टिंग कराई। साथ ही इसमें संधारित रजिस्टरों को भी देखा।

### कलेक्टर ने 7 वर्ष की बच्ची की मृत्यु होने पर परिजन को रेडक्रॉस से 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने तहसीलदार बड़ामलहरा के प्रतिवेदन पर 7 वर्षीय बच्ची की दुःखद मृत्यु होने पर रेडक्रॉस सोसायटी से 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की। 22 अप्रैल 2025 को तहसील बड़ामलहरा में हुई घटना में कु0 प्रतिभा उर्फ छोटीराजा पिता मंगल सिंह यादव उम्र 07 वर्ष हाल निवासी वार्ड नंबर 10 बड़ामलहरा मूल निवासी ग्राम पगरासपुरा की मृत्यु हो गई थी। मृतक के पिता मंगल सिंह पिता प्रभु सिंह यादव को रेडक्रॉस से चेक के माध्यम से 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### आर्य वीर दल का सात दिवसीय निः शुल्क शिविर 8 से 14 मई तक

**महाराजपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आर्य समाज महाराजपुर द्वारा 15 से 35 वर्ष तक के युवाओं के लिए आर्यवीर दल का प्रशिक्षण शिविर 8 से 14 मई 2025 तक लगने जा रहा है जिसमें युवाओं के चहुमुखी विकास के लिए शारीरिक प्रशिक्षण, बौद्धिक प्रशिक्षण, मंच संचालन की कलाएं, उत्तम स्वास्थ्य, माता-पिता परिवार और समाज के प्रति युवाओं के कर्तव्य, जीवन में अनुशासन आदि बहुमूल्य ज्ञान प्राप्त होगा। बच्चों के चारित्रिक उन्नति के लिए उत्तम विद्वानों द्वारा बौद्धिक प्रदान किया जाएगा वर्तमान में युवाओं का चारित्रिक पतन तेजी से हो रहा है जिसके कारण वे दिग्भ्रमित होकर गलत राह पकड़ लेते है। परिवार में माता-पिता का सम्मान नहीं करते समाज में विसंगति में फंसकर अपना और अपने परिवार का पतन कर लेते हैं। अतः युवाओं को इस जंजाल से बचने के लिए आर्य वीर दल का शिविर लगाया जा रहा है। शिविर की विशेषता यह है की शिविर पूर्णता निशुल्क है जिसमें युवाओं को सुबह शाम का खाना, नाश्ता, जलपान एवं रात्रि में दूध निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। गर्मी के मौसम को देखते हुए कूलर, पंखे शुद्ध पेयजल, उत्तम आवास की व्यवस्था की जा चुकी है।

# कलेक्टर ने बिजावर एवं बड़ामलहरा क्षेत्र में जल निगम एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का निरीक्षण किया

## कलेक्टर ने उपार्जन केंद्र का किया निरीक्षण, कृषकों की पेयजल और छायादार बैठने की बेहतर व्यवस्था के निर्देश

छतरपुर



कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बुधवार को बिजावर एवं बड़ामलहरा क्षेत्र में जल गंगा संवर्धन अभियान, जल जीवन मिशन के कार्यों एवं उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। बिजावर क्षेत्र अंतर्गत कलेक्टर श्री जैसवाल ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे तालाबों के जीर्णोद्धार में पंचायत अनगौर में कुंवरपुरा तालाब एवं तेली तालाब का निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने कुंवरपुरा तालाब में लगी हुई लेबर, जीर्णोद्धार के कार्यों की जानकारी लेते हुए कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। साथ ही गांवों में लगे हुए हैंडपंपों एवं नल जल कनेक्शन के बारे में जानकारी ली। जिसमें जनपद सीईओ को मरम्मत कार्य कराने के लिए निर्देशित किया। साथ ही कलेक्टर ने कपिलधारा के कामों को भी लेते हुए कराए जाने के निर्देश दिए। जिसमें कुएं निर्माण आदि कार्य कराने के निर्देश दिए।

साथ ही कलेक्टर ने ग्रामीणों से बात कर गेहूं को उपार्जन केंद्रों में बेचने, पानी की समस्या आदि की जानकारी लेते हुए पीएचई को तालाबों के मरम्मत, अतिरिक्त बोर कराए जाने के निर्देश दिए। साथ ही और कुएं सैंक्शन कराने, खेत तालाब के कार्यों को लेने के लिए किसानो को प्रेरित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने जनपद सीईओ को पौधरोपण के लिए जगह चिन्हित कर नर्सरी आदि विकसित करने के लिए समूह को देने के लिए कहा।

### उपार्जन केंद्र पर तौल कराने पर पाई गई कम

कलेक्टर ने गुलगंज खरीदी केंद्र का निरीक्षण करते हुए उपार्जन केंद्र में स्लॉट बुकिंग, किसानों के भुगतान, गेहूं के परिवहन, मजदूरों आदि की जानकारी ली। इस दौरान फटे बारदानों में गेहूं पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। साथ ही केंद्र पर समक्ष में तौल कराई इसमें कम तौल होने पर, क्वालिटी एफएक्यू नहीं होने पर समिति प्रबंधक को नोटिस एवं डीएम नान को वरदानों के अभाव के कारण एवं खरीदी बंद होने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने नल कनेक्शन की जानकारी लेते हुए बिछी हुई पाइप लाइन से खुदी सीसी रोड के मरम्मत के लिए जल निगम महाप्रबंधक को निर्देशित किया। साथ ही कलेक्टर ने एसडीएम बिजावर को अनगौर अंतर्गत तालाबों के अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्यवाही करते हुए जीर्णोद्धार के कार्य करने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद कलेक्टर ने अनगोर पंचायत अंतर्गत तेली तालाब का निरीक्षण किया जिसमें जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अतिक्रमण मुक्त करते हुए तालाब सौंदर्यकरण, साफ सफाई, श्रमदान करने एवं पानी की बोर करने के निर्देश दिए।

### भरतौली में निर्माणाधीन टंकी का किया निरीक्षण

कलेक्टर श्री जैसवाल ने गढ़ा पंचायत अंतर्गत भरतौली निर्माणाधीन पानी टंकी का निरीक्षण किया। जिसकी जल क्षमता, हाइट, गांवों को जल के लाभ, निर्माणाधीन स्ट्रक्चर आदि की जानकारी लेते हुए कम प्रगति होने पर नाराजगी व्यक्त की और प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए और स्ट्रक्चर को समयसीमा में शीघ्र पूर्ण करने के लिए कहा इसके अलावा बाकी टंकियों के निर्माण की भी जानकारी ली। जिसमें टंकियों की संख्या बढ़ाने के लिए कहा।

### मध्याह्न भोजन में लापरवाही पर समूह को हटाए जाने के निर्देश

कलेक्टर श्री जैसवाल ने भरतौली में आंगनवाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। आंगनवाड़ी केंद्र में उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण किया जिसमें बच्चों को उपस्थिति देखी साथ ही आंगनवाड़ी में पोषण आहार, खाना, धात्री एवं गर्भवती महिलाओं को मिलने वाले आहार के बारे में जानकारी ली। उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा बताया गया कि स्कूल से समूह द्वारा मध्याह्न भोजन का खाना मार्च से नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर ने एसडीएम को समूह को हटाने के निर्देश दिए।

साथ ही दिए जाने वाले पूरक पोषण आहार में बाल एवं महिला को खिलाने की प्रक्रिया की जानकारी ली। कलेक्टर ने वजन रजिस्टर, पोषण ट्रैकर, सैम एवं मैम की जानकारी ली और कम वजन वाले नवजात शिशु को रेफर कराए जाने के लिए कहा। साथ ही कलेक्टर ने मार्च अप्रैल का टीकाकरण रजिस्टर देखा और बच्चों एवं गर्भवती को दिए जाने वाले टीकाकरण की जानकारी ली। कलेक्टर ने आंगनवाड़ी में टीकाकरण चार्ट लगाने के भी निर्देश दिए।

### सचिव और रोजगार सहायक पर कार्यवाही के निर्देश

कलेक्टर ने ग्राम वार्ता कर भरतौली में जल गंगा संवर्धन के कार्य प्रारंभ न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए रोजगार सहायक को छतरपुर अटैच करने एवं सचिव पर निलंबन की कार्यवाही का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।बिजावर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान दौरान एसडीएम बिजावर विजय द्विवेदी, तहसीलदार अभिनव शर्मा, जल निगम महाप्रबंधक एलएल तिवारी, डीएसओ सीताराम कोठारे, सीईओ अंजना नागर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने निर्माणाधीन नवीन तहसील, प्रस्तावित स्टेडियम सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण किया

कलेक्टर ने अधिकारियों को अवैध मिट्टी उत्खनन करने वालों पर कार्यवाही के दिए निर्देश

## दीवारों पर क्रैंप होने पर ठेकेदार को तुरंत ठीक कराने के निर्देश



**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बुधवार को छतरपुर के बरकोहा में प्रस्तावित स्टेडियम एवं सर्किट हाउस की प्रस्तावित भूमि, नवीन तहसील, एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम अखिल राठौर एवं तहसीलदार संदीप तिवारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने बरकौहा में प्रस्तावित स्टेडियम, निर्माणाधीन नवीन तहसील के पास फोरलेन के किनारे की सर्किट हाउस की प्रस्तावित भूमि स्थल का निरीक्षण करते हुए वहां गहरे गड्ढे होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए एसडीएम, तहसीलदार को मिट्टी उत्खनन करने वाले पर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। साथ ही उसके चारों ओर तार फेंसिंग कराकर खुदे गड्ढों की फिलिंग कराने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात कलेक्टर श्री जैसवाल ने फोरलेन नजदीक निर्मित नवीन तहसील का निरीक्षण किया। जिसमें दीवारों पर क्रैंप होने पर उसे ठेकेदार को तुरंत ठीक कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पटवारी मीटिंग हॉल, कोर्ट रूम, स्ट्रांग रूम, तहसीलदार, एसडीएम चैंबर, इलेक्ट्रिकल रूम, एवं रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण किया। जिसमें ठेकेदार को पटवारी मीटिंग हॉल को बगल की दीवार तुड़वाकर बड़ा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बन रहे एसडीएम ऑफिस का निरीक्षण करते हुए सभी के दरवाजे बदलकर अच्छे दरवाजे लगाने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने एसडीएम ऑफिस के प्रांगण में गाड़ी की पार्किंग व्यवस्था, पौधरोपण करने, गार्डन निर्मित करने, एंट्री पर अच्छा गेट लगाने, पार्किंग शेड लगाने एवं ऑफिस के बाहर लाइट पोल्स लगाने के निर्देश दिए। साथ कलेक्टर ने तहसील के पास की शेष भूमि में तार फेंसिंग कराने के ठेकेदार को निर्देश दिए।

# ईशानगर में आज मनाई जाएगी 725वीं सेन जयंती

### विधायक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा कार्यक्रम

**छतरपुर।** संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 725 वीं जयंती संपूर्ण जिले सहित ईशानगर में दिनांक 25 अप्रैल 2025 शुक्रवार को बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई जाएगी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिजावर विधायक राजेश शुक्ला उर्फ बबलू महाराज उपस्थित रहेंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सेन समाज के अध्यक्ष हेमराज वर्मा और विशिष्ट अतिथि के रूप में ईशानगर ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती निधि मिश्रा मौजूद रहेगी। श्री सेन नगर समिति ईशानगर के संरक्षक दशरथ सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत मैरिज गार्डन के बगल में संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती का आयोजन किया गया है जिसमें सर्वप्रथम सुबह 9 बजे सत्यनारायण भगवान की कथा एवं सेन जी महाराज का पूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक अतिथियों का सम्मान एवं समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं प्रतिभाओं का सम्मान मंच से किया जाएगा। वहीं शाम 4 बजे से सेन जी महाराज की भव्य शोभायात्रा ईशानगर में निकाली जाएगी तथा शाम 6 बजे से 8 बजे तक कवि सम्मेलन और रात्रि में 8 बजे से 10 बजे तक भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। श्री सेन नगर समिति ईशानगर के समस्त पदाधिकारी और सदस्यों ने सभी सजातियों बंधुओ से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।




### सेन समाज मंदिर में जयंती पर अभिषेक एवं श्री सत्य नारायण कथा आज

संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 725वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को जिला सेन समाज छतरपुर द्वारा श्री राधा कृष्ण सेन समाज मंदिर संकट मोचन के पास में सेन जी महाराज का भव्य अभिषेक एवं महाआरती सुबह 7 बजे सजातीय बंधुओं की उपस्थिति में होगी तथा सुबह 8 बजे से बस स्टैंड क्रमांक 2 छतरपुर में हलवा वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। सुबह 9 बजे श्री सत्यनारायण भगवान की कथा प्रारंभ होगी।

# भाजपा नेता का रास्ता रोक जानलेवा हमला

### चार के खिलाफ मामला दर्ज, आरोपी गिरफ्तार



**छतरपुर।** सरवई थाना कस्बा में भाजपा नेता का रास्ता रोककर उसके ऊपर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। घटना से लहूलुहान भाजपा नेता को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा कायम कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मारपीट में घायल भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य पति अवध किशोर मिश्रा ने बताया कि वह रोज की तरह चंदला रोड स्थित अपने मैरिज हाउस के निर्माण कार्य को देखने आए थे। मोटर साईकिल से जैसे ही मैरिज हाउस गेट के पास पहुंचे वैसे ही गांव के ही रमेश द्विवेदी ने राईफल बंदूक सीने में अड़ा दी और अवधेश द्विवेदी मुन्ना, रवि द्विवेदी, आशुतोष द्विवेदी, अबला द्विवेदी ने लोहे की रॉडों से बेतहाशा मारपीट शुरू कर दी। श्री मिश्रा के मुताबिक सुरेश द्विवेदी भी घटना में मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि चूंकि पूर्व में कोई बुराई नहीं थी इसलिए उनके रोकते ही वह रूक गए जब तक कुछ समझ पाते कि उसके पहले उन्होंने हमला बोल दिया। पास में ही मौजूद बद्री मिश्रा दौड़कर आए और आरोपियों को ललकारा तभी लोग मौके से भाग गए। घटना सुबह की है। श्री मिश्रा के मुताबिक बद्री के साथ वे थाने पहुंचे जहां घटना की सूचना दी। यदि बद्री ने ललकारा न होता तो शायद स्थिति गंभीर हो जाती। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा कायम कर लिया है।

### अवध मिश्रा जमीन पर जबरन कर रहे कब्जा -

दूसरे पक्ष के सुरेश द्विवेदी का कहना है कि अवध मिश्रा के मैरिज हाउस के बगल में उनकी जमीन है। इसी जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। हाईकोर्ट से उनके पक्ष में स्थगन आदेश है इसके बावजूद अवध मिश्रा अपने सहयोगियों के साथ मिलकर सड़क से सटी इस जमीन पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं। कब्जा करने की नियत से जमीन के हिस्से में बालू और गिट्टी डाली गई है। इसी बात को लेकर यह विवाद हुआ है। घटना के संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं थी न मैं मौके पर था मेरा नाम घसीटा जा रहा है।

# विश्वविद्यालय में विद्यार्थी परिषद का प्रदर्शन

### छात्रों की समस्याओं पर प्रबंधन ने दिया आश्वासन



**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन विश्वविद्यालय परिसर में शांतिपूर्वक धरने के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से एग्रीकल्चर विभाग की समस्याओं को लेकर छात्र अपनी आवाज़ बुलंद कर रहे थे।

विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक राजदीप तिवारी ने बताया कि बीएससी एग्रीकल्चर विभाग की शुरुआत पिछले वर्ष ही हुई है, जिसमें लगभग कुल 10 विषय हैं, लेकिन केवल दो ही प्रोफेसर पढ़ा रहे हैं। इससे छात्रों को पढ़ाई में गंभीर परेशानी हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि हिंदी माध्यम से पढ़ाई करने वाले छात्रों को अंग्रेजी में प्रश्न पत्र दिए जा रहे हैं, जिससे छात्रों को समझने में कठिनाई होती है। परीक्षा के दौरान प्रोफेसर को पेपर का अनुवाद कराना पड़ता है, जिससे एक घंटे का कीमती समय बर्बाद होता है। इसके अलावा विश्वविद्यालय में पेयजल की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं है। छात्रों का कहना है कि फिल्टर सिस्टम ठीक से काम नहीं कर रहा है, और उन्हें गर्म पानी पीना पड़ता है जिससे स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। परिषद ने कहा कि एचओडी द्वारा छात्रों को पास होने के लिए 50 प्रतिशत अंक लाने की शर्त बताई जा रही है, जबकि विश्वविद्यालय नियमों के अनुसार 33 प्रतिशत अंकों से भी विद्यार्थी पास माने जाते हैं। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो विद्यार्थी परिषद और भी उग्र आंदोलन करेगी। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव यशवंत पटेल ने प्रदर्शन के बाद छात्रों से संवाद करते हुए भरोसा दिलाया कि उनकी सभी समस्याओं का समाधान 15 दिनों के भीतर कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पेयजल समस्या को लेकर नया वाटर कूलर लगाया गया है और फिल्टर प्लांट के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है, जल्द ही नया फिल्टर प्लांट भी स्थापित किया जाएगा।

# खजुराहो में पहली बार मनाई जाएगी महाराजा छत्रसाल जयंती, निकलेगी भव्य शोभायात्रा



**खजुराहो।** ऐतिहासिक महत्व और विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो में पहली बार बुंदेलखंड के वीर योद्धा एवं स्वतंत्र राज्य की स्थापना करने वाले महाराज छत्रसाल की जयंती ऐतिहासिक रूप से मनाई जाएगी। इस पावन अवसर पर एक विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारियाँ जोरों पर हैं।

आज क्षेत्र के सर्व समाज के प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें तय किया गया कि यह भव्य शोभायात्रा प्राचीन धौलागिरी हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर छत्रसाल चौराहा होते हुए बस्ती चौराहा पर सम्पन्न होगी। शोभायात्रा में महाराजा छत्रसाल की रथ यात्रा के साथ-साथ आकर्षक व सुसज्जित झांकियाँ भी शामिल होंगी, जो बुंदेलखंड की शौर्यगाथा को जीवंत रूप में प्रस्तुत करेंगी। बैठक में यह सामूहिक निर्णय लिया गया कि पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र के नागरिकों से आग्रह किया जाएगा कि वे इस ऐतिहासिक शोभायात्रा में शामिल होकर वीरता और स्वाभिमान के प्रतीक महाराजा छत्रसाल को श्रद्धांजलि अर्पित करें। बैठक के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में हुई दुःखद घटना पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस बैठक में अनेक प्रमुख जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों की उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह बघेल, हर्षवर्धन सिंह, अरुण सिंह चंदेल, कपिल प्रताप बुंदेला, व्यापारी संघ अध्यक्ष नरेश सोनी, करणी सेना जिला उपाध्यक्ष धीरू राजा बुंदेला, ओमप्रकाश पटेल, राजू राजा, रविंद्र पाठक, मोहन रजक, चली राजा, राकेश जैन, इंद्रजीत दीक्षित, हेमन्त दहिया, रोहित बुंदेला, कपिल खरे, यशपेन्द्र, ओम कुमार, हरि चरन, राम मनोहर साहू, नवल नामदेव, आशीष गुप्ता, जितेंद्र अग्रवाल, खंड व्यवस्था प्रमुख आनंद चतुर्वेदी, वीरेंद्र सीगौत सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### हत्या के आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई

**छतरपुर।** माह जनवरी वर्ष 2022 में थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत गठेबरा ओवर ब्रिज के पास कार में एक मृत व्यक्ति मिला, मृतक संजू अनुरागी की हत्या अज्ञात आरोपी द्वारा तार से गला दबाकर की गई थी। थाना सिविल लाइन में भारतीय दंड विधान के तहत हत्या का अपराध दर्ज किया गया था। एकत्रित साक्ष्य, एफएसएल, डीएनए रिपोर्ट के आधार पर आरोपी संतोष कोरी द्वारा सोने के कंगन गिरवी रखने एवं पैसों के लेनदेन संबंधी विवाद पर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस टीम द्वारा भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य, डीएनए रिपोर्ट समय से न्यायालय प्रस्तुत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये जिला स्तरीय समिति द्वारा प्रकरण को जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण की श्रेणी में रखा गया। अभियोजन की ओर से डीपीओ प्रवेश कुमार अहिरवार ने पैरवी करते हुये मामले के सभी सबूत एवं गबाह कोर्ट में पेश किये। विचारण उपरांत द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश हिमांशु शर्मा के न्यायालय ने आरोपी संतोष कोरी पिता भगोले कोरी निवासी टोरिया मोहल्ला छतरपुर को भादवि की धारा 302 में आजीवन कारावास एवं 5 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# यूपीएससी परीक्षा में चयनित आशुतोष मिश्रा का विद्यालय द्वारा घर जाकर किया गया स्वागत



**छतरपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर उत्तर माध्यमिक विद्यालय सिंचाई कॉलोनी छतरपुर के पूर्व छात्र आशुतोष मिश्रा ने यूपीएससी परीक्षा 2024 में 198 रैंक हासिल कर अपने परिवार एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। आशुतोष की उपलब्धि के अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्णकांत खरे, प्रधानाचार्य जवाहरलाल तिवारी एवं राजेंद्र सक्सेना सहित समस्त स्टाफ एवं कक्षा आठवीं तक के भैया बहनों ने उनके आवास पर जाकर उन्हें पुष्प हार पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। आशुतोष मिश्रा ने बताया कि मैं कक्षा एक से आठवीं तक सरस्वती शिशु मंदिर सिंचाई कॉलोनी में पढ़ता रहा। विद्यालय में आयोजित होने वाली बौद्धिक प्रतियोगिता, विज्ञान प्रतियोगिता, गीता पाठ, एवं तात्कालिक भाषण प्रतियोगिताओं का लाभ मुझे इस परीक्षा के साक्षात्कार में बहुत सहयोगी रहा। निश्चित रूप से शिशु मंदिर द्वारा दिए गए संस्कार मेरे जीवन की इस सफलता में महत्वपूर्ण योगदान हैं। विद्यालय परिवार के साथ उन्होंने अपने बहुत से अनुभव साझा किया एवं भैया बहनों को लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उक्त जानकारी विद्यालय मीडिया प्रभारी जयेंद्र सिंह चौहान द्वारा दी गई।

# शौच के लिए जा रहे वृद्ध को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत



**छतरपुर।** जिले के राजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परा में एक सड़क हादसे में 62 वर्षीय वृद्ध की जान चली गई। मृतक की पहचान ग्राम परा निवासी हिसाबी लाल पटेल के रूप में हुई है। यह दुर्घटना उस समय हुई जब वे दोपहर करीब 3:30 बजे खेत की ओर शौच के लिए जा रहे थे। परिजनों के अनुसार हिसाबी लाल पटेल अपने घर के पास स्थित कुएं के बगल से होकर जा रहे थे, तभी किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद वाहन मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल अवस्था में परिजनों ने उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के भतीजे ब्रजकिशोर पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने चाचा को घायल अवस्था में देखा और तुरंत अस्पताल लेकर आए, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। वहीं पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# वक्फ कमेटी ने आतंकवादी घटना के विरोध में पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला फूंका, दिया ज्ञापन



**छतरपुर।** पहलगाम (कश्मीर) में हाल ही में हुई आतंकवादी घटना के विरोध में छतरपुर वक्फ कमेटी ने गुरुवार को छत्रसाल चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तान और आतंकवाद के प्रतीकात्मक पुतलों का दहन कर आक्रोश जताया गया।इस विरोध प्रदर्शन में मुस्लिम समाज के कई लोग शामिल हुए, जो हाथों में पाकिस्तान मुर्दाबाद जैसी तख्तियां लिए नारेबाजी कर रहे थे। वक्फ कमेटी के सदस्यों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि पाकिस्तान में पलने वाले आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाए। उनका कहना था कि ये आतंकी पाकिस्तान के संरक्षण में भारत में घुसकर आतंक फैलाते हैं और सरकार को ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। वक्फ कमेटी के अध्यक्ष रहमान वक्स सौदागर ने कहा, कश्मीर में हुई घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, निंदनीय और घृणित है। बतौर मुस्लिम समाज हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। ऐसी घटनाओं से पूरे समाज को शर्मिंदगी उठानी पड़ती है। हम मृतकों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। सरकार से मांग है कि दोषियों को जल्द से जल्द सख्त सजा दी जाए।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव, मायके पक्ष के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर लगाए आरोप



**रीवा।** जिले में गढ़ थाना क्षेत्र के लालगांव चौकी अंतर्गत ग्राम सोरहिया में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई जिसके बाद मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष के पति सहित सास ससुर और देवर पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। वही पूरे घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस अब घटनाक्रम की जांच कर रही है। बता दे घटना के संबंध में मृतका ज्योति तिवारी पति उमेश तिवारी के भाई पंकज दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2015 में उनके बहन का ब्याह उमेश तिवारी से हुआ था दोनो के एक 7 वर्ष का बेटा जबकि दूसरा ढाई वर्ष का बेटा है। पंकज ने बताया कि बीते 6 वर्ष से उनकी बहन ज्योति को पति उमेश तिवारी सहित सास ससुर और देवर द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था और तलाक देने की भी बात कही जा रही थी। पंकज ने बताया कि उनकी बहन के ऊपर पति सहित ससुराल पक्ष के द्वारा झाड़ फूंक कराए जाने का आरोप लगाया जाता था। पंकज के मुताबिक बीती रात्रि तकरीबन 8 बजकर 52 मिनट पर उनकी बहन ज्योति का फोन आया था 13 मिनट हुई बातचीत के दौरान ज्योति ने पति सास ससुर और देवर द्वारा प्रताड़ित किए जाने और तलाक देने की बात कही जा रही थी। इस दौरान पंकज ने अपनी बहन को समझाईस दी थी लेकिन फोन कटने के कुछ ही मिनट बाद उन्हें बहन द्वारा घर के पीछे बाड़ी के अंदर लगे आम के पेड़ में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या किए जाने की सूचना दी गई। जिसके बाद मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और पति सास ससुर और देवर पर बहन को प्रताड़ित करने सहित हत्या करने का आरोप लगाया है। जिसके बाद पुलिस ने मृतका का पीएम करवाने के बाद बाडी परिजनों को सौप दी है साथ ही मर्ग कायम कर पूरी घटना की जांच की जा रही है।

# दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी गिरफ्तार पीड़िता की शिकायत के बाद सेमरिया पुलिस ने की कार्रवाई



**रीवा।** जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत दुष्कर्म की वारदात का मामला सामने आया है, युवती के शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बता दे आरोपी घटना के बाद भागने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को सेमरिया बस स्टेण्ड से गिरफ्तार कर लिया। सेमरिया पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित युवती ने थाना में शिकायत दर्ज करवाई की रेहान खान नाम का युवक उसके साथ गाली गलौज करते हुए जबरन दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने मामले में धारा 64 (2) (एफ), 296 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया साथ ही आरोपी की तलाश की गई तो आरोपी घर गाँव से भागने हेतु बस स्टैण्ड सेमरिया में बस का इंतजार करते मिला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर घटना के संबंध में पूंछतांछ की जिस पर आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया है। पकड़े गए आरोपी रेहान खान उर्फ नेसल खान पिता गुलबदन खान 27 वर्ष को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे केंद्रीय जेल में दाखिल कराया गया। बॉक्स पुलिस ने बाइक चोरो के गैंग का किया पर्दाफाश सेमरिया थाना पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके बाद चोरी गई बाइक बरामद की है घटना की शिकायत पीड़ित ज्ञानेंद्र कुमार पाठक ने 6 अप्रैल को दर्ज करवाई थी। पीड़ित की होण्डा साइन बाइक चोरी हो गई थी जिसके बाद पुलिस ने संदेही रोहित व्दिवेदी पिता प्रेमलाल व्दिवेदी 27 वर्ष निवासी पिपरा थाना सेमरिया जिला रीवा को पुलिस अभिरक्षा में लेकर घटना के संबंध में कड़ाई से पूंछतांछ की जिस पर उसने बताया कि वह अपने मित्र विकाश तिवारी उर्फ चित्रांशू उर्फ मुन्नू तिवारी निवासी जेस्ठहा को 5,000 रुपये मे उक्त बाइक बेच दिया है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी विकास तिवारी उर्फ मुन्नू उर्फ चित्रांशू तिवारी पिता अखिलेश तिवारी को गिरफ्तार कर बाइक बरामद कर ली है।

# शराब दुकान का शटर गिराकर विरोध में उतरी महिलाएं, उमरी शराब दुकान को हटाने की मांग



**रीवा।** जिले मे इस वर्ष शराब दुकान नए टेंडर होने के बाद जगह-जगह विरोध का दौर जारी है। लगातार महिलाएं शराब दुकान को हटाने का विरोध प्रदर्शन कर रही है, मंगलवार को सिरमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित उमरी से एक बार फिर महिलाएं शराब दुकान को हटाने के लिए सड़क पर उतर आई है, महिलाओं ने दुकान को गांव से हटाने की मांग करते हुए दुकान का शटर गिराकर दुकान के कर्मचारियों को ही बंद कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित महिलाओं को शांत कराया और दुकान के भीतर बंद कर्मचारियों को बाहर निकाला गया। महिलाओं सहित ग्रामीणों की मांग थी कि उमरी मोड़ पर खोली गई नई शराब दुकान को यहां से हटाया जाए। उनका कहना था कि गांव में शराब दुकान खोलने से लोग न सिर्फ नशे की चपेट में आयेंगे बल्कि क्षेत्र का माहौल खराब होगा। फिलहाल इस हंगामें के बीच मौके पर पहुंची सिरमौर थाना पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद महिलाओं को समझाइस देते हुए उन्हें शांत कराया है और इस संबंध में आबकारी विभाग सहित जिला प्रशासन को अवगत कराया है। वही सिरमौर पुलिस ने प्रशासन से बात करके दुकान हटाने के लिए महिलाओं से कुछ दिनों का समय मांगा जिसके बाद पूरा मामला शांत हुआ।

# बीच सड़क में युवक पर चाकू से हमला, समान थाना क्षेत्र के गड़रिया मोड़ के पास की घटना



**रीवा।** शहर के सामान थाना क्षेत्र अंतर्गत गड़रिया मोड के चंद कदमों की दूरी पर स्थित गांधी आदर्श स्कूल के पास एक युवक की बाइक को टक्कर मार दी, जिसके बाद आरोपियों ने उसे नीचे गिरा दिया, और चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, घायल युवक ने लहूलुहान हालत में थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने उसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल भिजवाया, समान थाना पुलिस प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले की जांच कर रही है, मिली जानकारी के अनुसार अरविंद कुमार पांडे पुत्र दयाशंकर पाण्डेय निवासी डीही थाना चाकघाट सिरमौर चौराहे के पास किराए के कमरे में रहता था। युवक टीआरएस कालेज में एमए का छात्र है वह अपनी बाइक से अपने दोस्त से मिलने जा रहा था इसी दौरान दूसरी बाइक सवार युवकों ने उसे ओवरटेक करते हुए टक्कर मार दी जिससे अरविंद सड़क पर गिर गया तभी दूसरी बाइक में सवार दो की संख्या में रहे बदमाशों ने उसके साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसके सिर और पीठ पर चोट पहुंची है। घटना के दौरान युवक ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई और लहूलुहान हालत में ही थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित युवक ने घटना में शामिल नामजद आरोपियों के नाम पुलिस को बताए है। फिलहला घटना के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सके है, पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में देख कर जांच रही है।

# नशा अपराध की जड़ है - श्री मिश्रा

**रीवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्र के नेतृत्व में सेंट्रल अकादमी विद्यालय में नशा उन्मूलन के संबंध में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समीर कुमार मिश्र ने नशे की लत के दुष्परिणाम से अवगत कराते हुए कहा कि नशे की लत के कारण ही व्यक्ति कमजोर होता है और समाज एवं परिवार की मुख्य धारा से कट जाता है। नशा अपराध की जड़ है, इसलिए युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहना चाहिए। अपने शरीर को स्वस्थ्य रखें व समाज व परिवार की उन्नति हेतु अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में एन्टी ड्रग क्लब की स्थापना होनी चाहिए ताकि विद्यालय के विद्यार्थी नशे की लत का शिकार न हो सके। जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने नशा उन्मूलन योजनाओं एवं निःशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में जानकारी दी। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के लीगल असिस्टेंट अनीश पाण्डेय ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई बन चुकी है और समाज को इस बुराई से मुक्त कराया जाना आवश्यक है। कार्यक्रम में सेंट्राल अकादमी विद्यालय के प्राचार्य दिनेश पाठक ने व्यक्त आभार किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक-अध्यापिका एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में जल स्त्रोतों की सफाई और जागरूकता के हो रहे प्रयास



**रीवा।** रीवा और मऊगंज जिलों में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत एक ओर जहाँ रैली, जल यात्रा और जल चौपाल के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर जल स्त्रोतों की सफाई कराई जा रही है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि अभियान के तहत जनपद पंचायत सिरमौर की ग्राम पंचायत बेढ़ौआ में जागरूकता रैली निकाली गई। तालाब की साफ-सफाई में ग्रामीणों ने श्रमदान किया। साथ ही आमजनता को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। विकासखण्ड रीवा की ग्राम पंचायत पतेरी में आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं ने गांव में जागरूकता रैली निकाली। इसी तरह ग्राम पंचायत नेबूहा में जल संगोष्ठी और रैली का आयोजन किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान में शिक्षा विभाग भी सक्रिय भागीदारी निभा रहा है। विभिन्न स्कूलों में साफ-सफाई तथा जल संरक्षण के कार्य कराने के साथ निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से जल संरक्षण के संदेश दिए जा रहे हैं। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में विद्यार्थियों ने निबंध प्रतियोगिता एवं रैली निकालकर पानी बचाने का संदेश दिया। छात्राओं ने आकर्षक चित्र और रंगोली बनाकर जल है तो कल है का संदेश दिया। सीएम राइज स्कूल देवतालाब के विद्यार्थियों ने जल संरक्षण और संवर्धन का संदेश देते हुए रैली निकाली। शासकीय कन्या हाईस्कूल सेमरिया में छात्राओं ने रैली निकालकर तथा रंगोली बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया। इसी तरह सिरमौर विकासखण्ड की विभिन्न ग्राम पंचायतों में मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के महिला स्वसहायता समूहों ने जल जागरूकता के लिए रैली निकाली। ग्राम पंचायत मझियार में जल चौपाल का आयोजन किया गया। अभियान के तहत जल संरक्षण के लिए कई निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। ग्राम पंचायत जतरी ने उपयंत्री तथा ग्राम पंचायत सचिव ने खेत तालाब एवं पर्कुलेशन टैंक का निर्माण शुरू कराया। नगर परिषद मनगवां में खटखरा तालाब में साफ-सफाई का कार्य कराया गया। जनपद पंचायत मऊगंज की ग्राम पंचायत लौरकला में खेत तालाब का निर्माण पूरा किया गया। नगर परिषद गुढ़ के विभिन्न वार्डों में साफ-सफाई तथा हैण्डपंपों में सोकपिट बनाने का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत हनुमना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत फूल बजरंग सिंह में उपयंत्री ने खेत तालाब का निर्माण कार्य शुरू कराया। ग्राम पंचायत शिवपुरवा में इंजीनियर बैकुण्ठ शुक्ला तथा अंकिता सोहगौरा ने खेत तालाब एवं पुलिया निर्माण का निरीक्षण किया।

# रिचार्ज पिट और रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाकर कराएं जल संरक्षण, खाद्य सुरक्षा योजना से मृत और स्थाई पलायन करने वालों के नाम काटें - कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने नगरीय निकायों में ई केवाईसी तथा जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि नगरीय निकायों में खाद्य सुरक्षा योजना के शत-प्रतिशत हितग्राहियों की ई केवाईसी कराने के लिए शिविर लगाएं। ई केवाईसी की प्रक्रिया में मृत तथा स्थाई रूप से पलायान करने वाले सदस्यों के नाम पोर्टल से पृथक करें। शेष बचे सदस्यों का ई केवाईसी कराने के लिए घर-घर जाकर सदस्यों का सत्यापन करें। सभी हितग्राहियों की 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से ई केवाईसी करा दें। इसी तरह समग्र आईडी के सत्यापन के लिए भी प्रत्येक वार्ड में शिविर लगाएं। प्रत्येक सीएमओ हर दिन कम से कम पाँच सौ व्यक्तियों का समग्र पोर्टल में ई केवाईसी दर्ज करके सत्यापन कराएं। समग्र पोर्टल में 30 मई तक शत-प्रतिशत सत्यापन करा दें, बैठक में कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि नगर के जल स्त्रोतों की साफ-सफाई तथा जल संरक्षण के कार्य प्राथमिकता से कराएं। अभियान की अवधि में कम से कम 100 हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट तथा 50 घरों में रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाकर जल संरक्षण का संदेश दें। ट्यूबवेल तथा कुंओं में भी रिचार्ज पिट बनवाकर जल संरक्षण कराएं। इस गर्मी में आपने मेहनत कर ली तो अगली गर्मी आराम से कटेगी। सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमृत-2 योजना के तहत उपयुक्त स्थल में पार्कों का निर्माण कराएं। नलजल योजना के स्वीकृत काम भी तेजी से पूरा कराएं। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना तथा स्वनिधि योजना का क्रियान्वयन भी सीएम डैशबोर्ड में शामिल है। अधूरे आवासों को एक माह की अवधि में पूरा कराकर जानकारी पोर्टल में दर्ज कराएं। आवास निर्माण की राशि लेकर जो हितग्राही आवास नहीं बना रहे हैं उनके विरूद्ध वसूली की कार्यवाही करें। स्वनिधि योजना के पात्र हितग्राहियों को तत्काल राशि जारी कराएं। जल गंगा संवर्धन अभियान तथा ई केवाईसी की प्रगति की हर सप्ताह समीक्षा की जाएगी। सभी सीएमओ अद्यतन जानकारी के साथ टीएल बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने बताया कि नगरीय निकायों में अब तक 5 लाख 29 हजार 203 सदस्यों में से 2 लाख 16 हजार 412 सदस्यों के समग्र ई केवाईसी का सत्यापन किया जा चुका है। खाद्य सुरक्षा योजना के तहत 80 प्रतिशत सदस्यों का ई केवाईसी कराया जा चुका है। प्रधानमंत्री आवास योजना में 15 मई तक लक्ष्य के 90 प्रतिशत आवासों को पूरा कराने की समय सीमा दी गई है। बैठक में जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष दुबे, जिला प्रबंधक लोक सेवा रविकांत पाण्डेय तथा सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय पंचायत दिवस का आयोजन संपन्न



**रीवा।** जिले भर में राष्ट्रीय पंचायत दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया

रीवा एवं मऊगंज जिले में जिला स्तर, जनपद पंचायत स्तर तथा समस्त ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय पंचायत दिवस से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किये गये। समारोह में प्रधानमंत्री जी के विहार में आयोजित कार्यक्रम का सीधा, प्रसारण देखा गया।

जिला पंचायत रीवा में अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पंचायत के अधिकारों तथा जनप्रतिनिधियों की अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समन्वय से कार्य करने पर चर्चा हुई। स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण की गतिविधियों से आमजनों को जोड़ने की बात कही गई। ग्राम पंचायत स्तर में जन सहयोग से गांव की जल संरचनाओं की साफ सफाई व सुधार के कार्य कराने पर बल दिया गया। अध्यक्ष जिला पंचायत ने अपेक्षा की कि गांवों को सशक्त व सुविधा संपन्न बनाने में सभी सहभागी बनें। संविधान के 73वें संशोधन के लागू होने से पंचायतों को संवैधानिक दर्जा मिलने से लोकतंत्र का जमीनी स्तर पर मजबूत होना पंचायतराज की सफलता है। कार्यक्रम में गत दिनों कश्मीर में हुए हमले में मृतकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर तथा जिला पंचायत के सदस्य एवं अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों को उत्कृष्ट कार्यों के लिये सम्मानित किया गया।

# पत्रकारों के अनशन बाद मऊगंज विधायक ने एसपी से कहा-उन्हें करें गिरफ्तार और बैठ गये नईगढ़ी थाने में



**मऊगंज।** पत्रकारों द्वारा किए जा रहे अनिश्चितकालीन धरने में थाना प्रभारी नईगढ़ी को हटाने की मांग में मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल शामिल हो गए हैं। भोपाल पहुंचकर उन्होंने सरकार और डीजीपी से मऊगंज में पत्रकार पर हमले के बाद पत्रकारों के अनशन से बिगड़ रहे हालातो को बताने के बाद भोपाल से लौटकर मऊगंज में पत्रकारों के अनशन स्थल कलेक्ट्रेट पर पहुंचे पुलिस के खतरनाक रवैये को देख मऊगंज विधायक ने थानेदार नईगढ़ी के कथनानुसार मऊगंज एसपी दिलीप सोनी से अपने किसी तरह के किए गये अपराध पर गिरफ्तार करवाने को कहा लेकिन मऊगंज एसपी ने चुप्पी सांध ली तो वहां से निकलकर मऊगंज विधायक सीधे नईगढ़ी थाना पहुंच गये और गिरफ्तारी देने के लिए खबर लिखे जाने तक थाने में मौजूद है जिसके बाद से प्रशासन में हड़कम्प मच गया है।

**इनका कहना**

थाना प्रभारी द्वारा पत्रकार के साथ की गई अभद्रता के मामले की जांच महबूबगंज एसडीओपी हिमालय पाठक के द्वारा की जा रही है सभी तथ्यों को खंगाल जा रहा है जन्म प्रतिनिधि द्वारा बताए गए कर्म को भी जांच में शामिल किया गया है जल्द ही पूरे मामले की जांच होने के बाद जो भी प्रतिवेदन आएगा उसके आधार पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**दिलीप कुमार सोनी**
पुलिस अधीक्षक मऊगंज

# नईगढ़ी पुलिस ने युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार



**मऊगंज।** जिले नईगढ़ी थाना प्रभारी जगदीश सिह ठाकुर के कुशल नेतृत्व मे स्टाफ द्वारा दिनांक 05.02.25 को फरियादी शैलेन्द्र सोनी पिता रामायण सोनी उम्र 22 वर्ष निवासी भलुहा थाना नईगढी का रिपोर्ट लेख कराया था कि दिनांक 5/2/25 को यह ग्राम अकौरी से दुकान का उधारी का पैसा लेने देवरिहनगाँव गया था तथा देवरिहनगाँव से ऊधारी का पैसा लेकर अपनी स्कूटी से वापस घर ग्राम भलुहा जा रहा था जैसे शाम करीबन 7-8 बजे ग्राम बरोंहा अन्धा मोड़ के पास पहुंचा उसी समय इसके पीछे तरफ से एक पल्सर मोटर सायकल काले रंग मे सवार अज्ञात तीन लड़के आये व पल्सर में पीछे बैठा लड़का फरियादी के ऊपर जान से मार डालने की नीयत से कट्टा से 2 फायर कर गोली मारकर घायल कर दिया । रिपोर्ट पर अपराध सदर कायम कर विवेचना की गयी ।दौरान विवेचना सायबर सेल एंव मुखबिर सूचना के आधार पर थाना प्रभारी नंईगढी जगदीश ठाकुर एवं हमराह स्टाफ द्वारा रात्रि में काफी मशक्कत से घेराबंदी कर रामपुर से विक्कू उर्फ विकाश प्रताप सिह पिता कमलेश्वर सिह निवासी ग्राम रामपुर थाना नईगढी जिला मऊगंज (म.प्र) को पकडा गया । विकाश प्रताप सिह ने पूछताछ पर अपने दो साथी के साथ घटना को अंजाम देना बताया जिसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मऊगंज पेश किया गया एंव इसके अन्य दो साथी फरार है जिनकी तलाश की जा रही है।

# कैण्डल जलाकर पर्यटकों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**रीवा।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण रीवा एवं शहर के संयुक्त तत्वाधान में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आंतकवादियों द्वारा 27 से अधिक मारे गये एवं भारी संख्या में घायल हुए पर्यटकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करने हेतु जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में शिल्पी प्लाजा चौराहे में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मोमबत्ती जलाकर इस वीभत्स, हृदयविदारक, शर्मनाक घटना एवं आंतकवादियों के कायराना हमले को लेकर विरोध प्रदर्शित किया गया। शोकसभा में मृतकों एवं घायलो के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि मैं इस अमानुषिक दिल को दहला देने वाली कायराना हमले की घोर निंदा करता हूं। श्री शर्मा ने कहा कि मैं मृतकों के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं तथा दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु परम्पिता परमेश्वर से प्रार्थना करता हूं कि मृतात्माओं को शांति मिले तथा उनके शोकाकुल परिवार जनों को गहनतम्-दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें, साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना करता हु, श्री शर्मा ने केन्द्र सरकार से मांग की है कि ऐसे संवेदनषील पर्यटक स्थलों में भारी सेना बल तैनात किया जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार के नरसंहार को रोका जा सके। सभा में उपस्थित शहर अध्यक्ष लखनलाल खण्डेलवाल सहित सभी कांग्रेस जनों ने इस घटना की कटुनिंदा करते हुए मृतकों के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना की। अंत में दो मिनट का मौन रखकर मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की गई। बॉक्स शोकसभा ये रहे मौजूद शोकसभा में प्रमुख रूप से कविता पाण्डेय, शीला त्यागी, के के गुप्ता, गोविंद दास तिवारी, रफीक अंसारी, मुस्तहाक खान, सत्यनारायण तिवारी, विमल दुबे, अब्दुल शहीद मिस्त्री, लल्लन खान, वसीम राजा, मानवेन्द्र सिंह नीरज, रामकीर्ति शर्मा, षिवेन्द्र प्रताप सिंह, अखिलेष द्विवेदी काकू, सुरेष वर्मा, रवि तिवारी, अमृतलाल मिश्रा, रजनीष मिश्रा, ममता सिंह, अर्चना द्विवेदी, देवती साकेत, अनूप सिंह चंदेल, पंकज उपाध्याय, मानिक लाल सोनी, दिनेष सेन, रमाकांत मिश्रा, जी.पी. त्रिपाठी, जसवीर सिंह, पुष्पेन्द्र तिवारी, मुर्तुजा अंसारी, फिरोज खान, रईस खान रईसू, रोहन जॉन, निषांत सिंह, नवीन सिंह, रवि सुमित सिंह, सददाम चौहान, रामकृष्ण ताम्रकार, सुनील दुबे, गुले अहमद, अनवर अंसारी, जयप्रकाष श्रीवास्तव, राजेष तिवारी पप्पी, नूर अफजल अंसारी, केषव वर्मा, रामस्वरूप झंझोट, लायक मिश्रा, सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहें।

# ग्राम पंचायतों में मजदूरों का काम मशीनों से, जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी शासन की योजना को लगा रहे पलीता



**रीवा।** वैसे तो शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पूरे जिले भर में किसी न किसी रूप से जिम्मेदार कर्मचारी एवं आला अधिकारी पलीता लगाने में तुले हुए हैं। लेकिन जिले के जनपद पंचायतों के जिम्मेदार अधिकारियों की मिली भगत से ग्राम पंचायतों में खुलेआम नियम कायदों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। शासन के निर्देशानुसार पंचायत स्तर पर मजदूरों को काम देना अनिवार्य किया गया है लेकिन सफेदपोश नेताओं एवं कुर्सी पर आसीन अधिकारियों एवं तकनीकी इंजीनियरों के सहयोग से गरीब मजदूरों के हक को छीना जा रहा है। हालात कुछ इस कदर है कि गरीब मजदूरों को काम न देकर शासन की गाइड लाइन की धज्जियां उड़ाते हुए पंचायत स्तर पर मशीनों से अनवरत काम जारी है। जहां देखा जाए वही ग्राम पंचायतों में होने वाले मनरेगा के कार्यो को मशीनों के द्वारा करवाया जाता है। वैसे तो कहीं न कहीं से यह शिकायतें गरीब मजदूरों द्वारा की जाती रही आई है कि उन्हें पंचायत स्तर पर काम नहीं दिया जाता। वही मनरेगा के कार्यों में मशीनों का प्रयोग कर निर्माण कार्य धड़ल्ले से करवाया जा रहा है। लेकिन आलम यह है कि गरीब मजदूरों की शिकायत को ठंडे बस्ते में डालकर खुलेआम मशीनों से कार्य कराया जाता है। सूत्रों की माने तो आम ग्रामीण मजदूरों द्वारा जब ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों से जानकारी ली जाती है तो बताया बताया जाता है की नेताजी के करीबी द्वारा काम कराया जा रहा है। मजदूरों की जगह पूर्णरूपेण मशीन से कराए जा रहे कार्य की हकीकत तो जांच उपरांत ही पता चलेगा कि दोषी कौन है। लेकिन जिम्मेदारों के गोल मटोल जवाब और गरीब मजदूर जनता को पंचायत स्तर पर काम न देकर मशीनों से कराते हुए मजदूरों को गुमराह करने की कार्यप्रणाली को लेकर क्षेत्र की जनता में आक्रोश का माहौल देखा गया। बता दे विकासखंड भर में बन रहे तालाबों मेड़बंदी आदि कार्य को जल्दबाजी में पूरा करने के लिए अब पूरी तरह से मशीनों से कार्य कराया जाने लगा जिले की रीवा जनपद, सहित सिरमौर, मनगवा, चाकघाट, , त्योंथर, सेमरिया, अतरैला के क्षेत्र मे दर्जनों संख्या में ग्राम पंचायतें हैं जहां पर मशीनों से मनरेगा के कार्य कराए जा रहे हैं और इसकी शिकायतें जनपद पंचायत, जिला पंचायत और कलेक्टर से जनसुनवाई में की जा रही है। इसकी जांच भी अधिकारी कर रहे हैं लेकिन इसके बाद भी कार्रवाई या सुधार नहीं किया गया है। ऐसे में अभी भी कई ग्राम पंचायतों में धड़ल्ले से मशीनों से काम हो रहा है। पंचायत स्तर पर काम न मिलने से परेशान गरीब मजदूरों ने जिला पंचायत रीवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कलेक्टर रीवा का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग की है कि पंचायत स्तर पर मजदूरों की जगह मशीनों से कराए जा रहे कार्यो की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा दोषी जिम्मेदारों पर विधि संगत कार्यवाही की जाए।बॉक्स मशीनों के हवाले हुई मनरेगाजिले की दर्जनों ग्राम पंचायतों में जेसीबी और बुलडोजर मशीन के जरिए हो रही तालाब की खुदाई की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। मशीनों के जरिए कार्य कराने की वजह से मनरेगा मजदूरों को खुदाई का कार्य नहीं मिल पा रहा है। यहां मनरेगा के तहत काम हो रहा है और मनरेगा के नियमों के तहत मशीनों से कार्य नहीं कराया जा सकता। वहीं जिम्मेदारों का कहना है कि निर्माण के लिए इस बार शासन ने ग्रामीण विकास विभाग के तहत मनरेगा योजना में मशीनरी उपयोग के लिए सीमित व्यवस्था की है। इसलिए अन्य योजनाओं के माध्यम से जन सहयोग और सीएसआर फंड्स को समाहित करने का फैसला लिया है